आकाशवाणी केन्द्र शिमला

10.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 9.20 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिह सुक्खू ने अधिकारियों को आगामी सर्दी के मौसम के मद्देनजर बिजली की खरीद के लिए कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। शिमला में एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि सर्दियों के दौरान ऊंचे क्षेत्रों में बर्फबारी होने के कारण नदियों में पानी का बहाव कम होने से बिजली उत्पादन घट जाता है ऐसे में पहले से योजना बनाकर किफायती दरों पर बिजली की उपलब्धता सुनिश्चित करना जरूरी है।

सम्मेलन

68वां राष्ट्रमंडल संसदीय सम्मेलन बारबाडोस की राजधानी ब्रिजटाउन में कल शुरू हुआ। सम्मेलन में 56 देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। भारतीय प्रतिनिधि के रूप में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ भारत क्षेत्र के अध्यक्ष ओम बिरला के साथ हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया भी सम्मेलन में हिस्सा ले रहे हैं। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि राष्ट्रमंडल 56 स्वतंत्र देशों का एक संघ है जो अपने सदस्य देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देता है। सम्मेलन के दौरान वे आज तीन अलग–अलग विषयों पर अपना संबोधन देंगे।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया है कि एचपीपीसीएल के इंजीनियर विमल नेगी की मौत से सुक्खू सरकार के तार बहुत गहरे जुड़े हैं। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा है कि ये पहला मामला है जहां एक चीफ इंजीनियर की मौत के मामले की जांच में सरकार सहयोग करने की बजाए जांच को बाधित करने का प्रयास कर रही है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेश पुलिस के अधिकारी न सिर्फ सीबीआई पर उंगली उठाकर पुलिस की साख दाव पर लगा रहे हैं बल्कि उच्च न्यायालय पर भी सवाल खड़े कर रहे हैं क्योंकि ये जांच उच्च न्यायालय की देख रेख में चल रही है।

विक्रमादित्य

लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कल शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर 13 अक्तूबर को आयोजित किए जाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न विषयों पर अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, पार्टी प्रभारी रजनी पाटिल व राजीव शुक्ला सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता शामिल होंगे।

करवा चौथ

पति की दीर्घायु व खुशहाली के लिए करवा चौथ का त्यौहार मनाया जा रहा है। आज के दिन सुहागिन महिलाएं निर्जला उपवास रखती हैं और शाम को चांद का दीदार करने के बाद विधिपूर्वक पूजा अर्चना कर व्रत को खोलती है। करवा चौथ को लेकर उत्साहित महिलाओं का कहना है कि इस

त्यौहार का उन्हें बेसब्री से इंतजार रहता है । कल महिलाओं ने करवा चौथ के लिए जमकर खरीदारी की।

इस बीच राज्य पर्यटन विकास निगम ने विवाहित जोड़ों के लिए आज अपने होटलों में ठहरने पर 10 प्रतिशत विशेष छूट का ऐलान किया है।

बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिदंल ने प्रदेश सरकार द्वारा पंचायतीराज चुनाव को स्थगित करने संबंधी निर्णय को जन विरोधी करार दिया है। एक ब्यान ने उन्होंने कहा कि लोकतंत्र बचाने की बात करने वाली कांग्रेस पार्टी असल में लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व यानि मतदान को हानि पहुंचाने का कार्य कर रही है। बिंदल ने कहा कि यदि पंचायत चुनाव होंगे तो कांग्रेस बुरी तरह पराजित होगी।

जगत सिंह नेगी

किन्नौर जिला के सांगला में आयोजित 3 दिवसीय अंडर–19 छात्रा वर्ग की ज़िला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता कल संपन्न हुई। राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से.....

दैनिक जागरण की सुर्खी है–सड़क बहाली, स्थिति सामान्य होने पर ही होंगे पंचायत चुनाव। दिव्य हिमाचल के शब्द हैं– हिमाचल में पंचायत चुनाव स्थगित–आपदा के कारण मुख्य सचिव संजय गुप्ता ने डिजास्टर मैंनेजमेंट एक्ट में पारित किया ऑर्डर।

आपदा से सुरक्षा और जख्मों पर मरहम का काम करेगी एच.पी.–रेडी परियोजना शीर्षक से दैनिक भास्कर लिखता है– जनवरी 2026 से शुरू होगी योजना ।

हिमाचल दस्तक की एक खबर है–सी.बी.एस.ई. स्कूलों के भवनों और छात्रों की वर्दी का होगा अलग रंग।

———————————